

# कोलफील्ड मिरर

हर पल आपके साथ

CoalField Mirror

हर पल आपके साथ

Cont: 8348166700,9126267486

Please Like & Subs.

YouTube Channel



27 दिसम्बर 2019, शुक्रवार वर्ष–1 पश्चिम बंगाल RNI (T.A) No. 201907251 E-mail— coalfieldmirror@gmail.com

# दिल्ली पब्लिक स्कूल ने किया शीतकालीन कैंप का आयोजन




आसनसोल 27दिसम्बर (सीएफएम): दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के द्वारा छात्रों के लिए शीतकालीन कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का आयोजन 21 से 25 दिसम्बर 2019 तक दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल द्वारा 'माउंटेन लवर्स असोशियेसन' के प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के नेतृत्व में 'बेरो हिल्स, पुरुलिया में किया गया। विंटर कैंप में बच्चों को व्यावहारिक जीवन में आने वाली विषम परिस्थितियों से जूझने, उनका सामना करने के गुर सिखाए गए। इसके अंतर्गत आयोजनकर्ताओं द्वारा अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक चिकित्सा, रिवर क्रौसिंग, लीड क्लाइम्बिंग, रैपलिंग तकनीकियाँ, रोप मैनेजमेंट, मल्टी पिच क्लाइम्बिंग तकनीकियाँ, रूट सेलेक्शन आदि के विषय में छात्रों को जानकारी दी गई। इन गतिविधियों द्वारा छात्रों को कम से कम सुविधाओं में विषमतम परिस्थिति में भी जीवन जीने की कला सिखाई जाती है, ताकि बच्चा जीवन की हर मुश्किल का सामना करने के लिए तैयार हो सके और शारीरिक बलिष्ठता के साथ-साथ मानसिक रूप से भी स्वस्थ हो सके। कैंप के दौरान छात्रों को उपर्युक्त गतिविधियों में काम आने वाले उपकरणों के विषय में भी जानकारी दी गई, ताकि छात्र उसका प्रयोग भली-भाँति कर सके। दृश्य-श्रव्य कक्षाओं के द्वारा भी छात्रों को जानकारी दी गई। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, उसे समाज में रहकर हर वर्ग के साथ सामंजस्य बैठाकर रहना पड़ता है, इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए कैंप के अंतर्गत छात्रों को नैतिक मूल्यों, अच्छी आदतों, परम्परा और संस्कृति के विषय में भी शिक्षा दी गई। विद्यालय की ओर से क्रीड़ा शिक्षक रोहित प्रसाद यादव और अँग्रेजी भाषा शिक्षक रुद्रदीप सेनगुप्ता ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। प्रधानाचार्य आर.डी. शर्मा ने कैंप की सफलता पर छात्रों, शिक्षकों तथा अभिभावकों को बधाई दी और कहा कि कक्षा में दी गई शिक्षा को व्यावहारिक रूप देने के लिए इस प्रकार के आयोजनों की बहुत आवश्यकता है। जब तक हम शिक्षा को जीवन में लागू नहीं करते तब तक यह मात्र अक्षर ज्ञान है। उन्होने छात्रों को वर्ष में कम-से-कम एक बार इस प्रकार के कार्यक्रम का हिस्सा बनने का परामर्श दिया।